सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **07**
02/01/2026

# राज्यव्यापी सदस्यता–सह–सहकारी जागरूकता अभियान का उद्घाटन माननीय मंत्री ने पटना जिला के पुनपुन प्रखंड के डुमरी पैक्स में किया

**– माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, डॉ0 प्रमोद कुमार**

- **जागरूकता अभियान राज्य के सभी पैक्सों में 31 जनवरी 2026 तक चलाया जायेगा।**
- **आज कुल 55 नये सदस्यों को पैक्स का सदस्य बनाया गया, सांकेतिक रूप से 05 नये सदस्यों को हिस्सा प्रमाण–पत्र वितरण किया गया।**
- **05 किसानों को बैंक पासबुक एवं ए. टी. एम कार्ड का वितरण किया गया।**
- **प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहयोग समिति (PVCS) में 35 नये सदस्य बनाये गए।**
- **सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनायें निहित है एवं इसके माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें स्थायी आजीविका एवं बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सकता है।**

पटना 02 जनवरी 2026 :– पटना जिला के पुनपुन प्रखंड के डुमरी प्राथमिक कृषि साख समिति लि0 (पैक्स) के गोदाम–सह–राइस मिल प्रांगण में माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, डॉ0 प्रमोद कुमार द्वारा राज्यव्यापी सदस्यता–सह–सहकारी जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया गया।

यह अभियान राज्य के सभी पैक्सों में 31 जनवरी 2026 तक चलाया जायेगा। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य पैक्सों में छुटे हुए लोगों का आवेदन प्राप्त कर पैक्स की सदस्यता दिलाना, प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहयोग समितियों में सदस्यता वृद्धि एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से इस अभियान के तहत सदस्यों/गैर सदस्यों का सहकारी बैंकों में खाता खुलवाना एवं KCC ऋण उपलब्ध कराना है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से पैक्स के सदस्यों को बैंकिंग सुविधा के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। पैक्सों को मल्टी सर्विस सेन्टर के रूप में स्थापित करने हेतु कॉमन सर्विस सेन्टर, जन औषधि केन्द्र, किसान समृद्धि केन्द्र आदि का संचालन करने के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। समितियों के अंकेक्षण प्रतिवेदन के आधार पर लाभ–हानि की जानकारी एवं सहकारी समितियों के गठन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना है।

आज के कार्यक्रम में सहकारी बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वेजफेड के माध्यम से सभी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। आज कुल 55 नये सदस्यों को पैक्स का सदस्य बनाया गया, सांकेतिक रूप से 05 नये सदस्यों को हिस्सा प्रमाण–पत्र वितरण किया गया। साथ ही 05 किसानों के बैंक पासबुक एवं ए. टी. एम कार्ड का वितरण भी किया गया। पैक्सों में संचालित कॉमन सर्विस सेन्टर, जमा–वृद्धि योजना, सब्जी सहकारी

समितियों, उर्वरक व्यवसाय, बकरी पालन समिति एवं विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, डॉ0 प्रमोद कुमार ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनायें निहित है एवं इसके माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें स्थायी आजीविका एवं बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके लिए सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास कर सहकारिता के योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाना आवश्यक है। परम्परागत खेती से किसानों के जीवन में अपेक्षित बदलाव नहीं आ पाया है इसलिए अब कृषि क्षेत्र में नवाचार, विविधीकरण और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। जैविक कृषि को बढ़ावा देकर एवं नवीन तकनीकों को अपनाकर ही किसानों की आय में वृद्धि और जीवन स्तर में सुधार संभव है। सहकारिता विभाग किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

माननीय मंत्री ने शहद उत्पादन से जुड़े किसानों के सफल प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारी मॉडल अपनाकर ही किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सब्जी उत्पादक किसानों से माननीय मंत्री ने आह्वान किया कि वे सहकारिता के माध्यम से अपनी उपज का विपणन कर अधिक–से–अधिक लाभ प्राप्त करें। पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति से किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। साथ ही विभाग द्वारा धान विक्री के 48 घंटे के अंदर ही लाभुकों के नामित खाते में राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होने अधिक से अधिक किसानों से धान अधिप्राप्ति का लाभ उठाने का आह्वान किया।

माननीय मंत्री ने सहकारी योजनाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी गाँव–गाँव चौपाल–चौपाल तक पहुँचाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित किसानों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। ''गाँव के चौपाल पर हो सहकारिता के याजनाओं की चर्चा'' पर विशेष जोर देते हुए माननीय मंत्री ने आमलोगों से इस सदस्यता–सह–सहकारी जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का ज्यादा–से–ज्यादा लाभ उठाने हेतु लोगों से अपील की।

आज के कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सचिव, श्री धर्मेन्द्र सिंह ने सदस्यता–सह–सहकारी जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तर से सभी पंचायतों में सदस्यता–सह–सहकारी जागरूकता अभियान का रोस्टर बनाया गया है तथा पंचायत के किसानों के सहयोग से सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिस तरह आज के कार्यक्रम को सफलता पूर्वक डुमरी पैक्स में किया जा रहा है उसी तरह राज्य के सभी पैक्सों में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाय तथा अधिक से अधिक किसानों को पैक्स की सदस्यता प्रदान करते हुए पैक्स में संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**इस अभियान के तहत ज्यादा सदस्य बनाने वाले पैक्सों के अध्यक्ष को प्रोत्साहित एवं सम्मानित भी किया जायेगा।**

आज के कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सचिव, श्री धर्मेन्द्र सिंह, अपर सचिव, श्री अभय कुमार सिंह, राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक, श्री मनोज कुमार, वेजफेड के प्रबंध निदेशक, डॉ0 गगन, संयुक्त निबंधक (पटना प्रमण्डल), श्री संतोष कुमार झा, संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण), श्री कामेश्वर ठाकुर, संयुक्त निबंधक (साख), श्री समरेश कुमार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

————————